

Dr. Sarungbam Bimola Kumari Devi

Dr. Sarungbam Bimola Kumari Devi is Chief Medical Officer, Medical Department, Govt. of Manipur and a member of Dalit Sahitya Academy, Cultural forum Manipur, All Manipur Nupi Lup and Meira Paibi.

2. Born on July 1, 1956, Dr. Bimola received her MBBS degree from Regional Institute of Medical Science, Manipur in 1979. She worked in the Women and District Hospital and was instrumental in numerous deliveries for high-risk pregnant women. She has also been actively involved in National Immunization, JE, Measles campaign and Pulse Polio Immunization. She was the designated Food Safety Officer during the visit of President and the Prime Minister in Imphal. As Nodal Officer of National Tobacco Control Programme, she has been instrumental in seizing and banning chewable tobacco products in Imphal. Food products including coming from neighboring country Myanmar and China and packaged drinking water are being highly monitored under her supervision in Imphal.

3. Dr. Bimola has been in close association with Nehru Yuva Kendra, Ministry of Youth Affairs & Sports, India, student organizations and many youth oriented organizations for sports, health care and awareness activities especially amongst the poor, rural and needy people of Manipur. She has been actively participating in women empowerment and tribal upliftment programmes.

4. Dr. Bimola is the recipient of numerous awards and honours including a commendable worker and donor award by the Culture Preservation Centre, Manipur in 2013; Dr. B.R. Ambedkar National Award 2014 on the occasion of "Caste Free India Meet- 2014" for her excellent work in the field of social work by Dalit Sahitya Academy, Assam State Branch; Swami Vivekananda National Award by Dalit Sahitya Academy, Manipur in 2014; Dr. Ambedkar International Award 2014 by Nepal India Dalit Friendship organization for her contribution towards equality of people belonging to different caste and communities.



डॉ. शारुंबम विमोला कुमारी देवी

डॉ. शारुंबम विमोला कुमारी देवी, मणिपुर-सरकार के चिकित्सा–विभाग में चिकित्सा अधिकारी और दलित साहित्य अकादमी, सांस्कृतिक-मंच, मणिपुर, ऑल मणिपुर नुपी लुप एंड मेयरा पैबी की एक सदस्य हैं।

2. आपका जन्म जुलाई 01, 1956 को हुआ। आपने रीजनल इंस्टीट्यूट ऑव मेडिकल साइंस, मणिपुर से सन् 1979 में अपनी एम बी बी एस की उपाधि हासिल की। आपने महिला और जिला अस्पताल में काम किया और आप गर्भवती स्त्रियों की कई बहुत ज़्यादा जोखिम भरी प्रसूतियां (डिलीवरीज़) करवाने में सहायक रहीं। आप राष्ट्रीय प्रतिरक्षण (नेशनल इम्युनाइज़ेशन), जे ई, खसरा (मीज़ल्स) अभियान और पल्स पोलियो इम्युनाइज़ेशन से सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं। आप राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के इम्फाल में दौरे के दौरान, नामोद्दिष्ट (डेजिग्नेटेड) खाद्य सुरक्षा अधिकारी रहीं। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी के रूप में, आप इम्फाल में चबाए जाने वाले तम्बाकू-उत्पादों को ज़ब्त करने और उन्हें प्रतिबंधित करने में सहायक रही हैं। इम्फाल में आपकी देख-रेख में, पड़ोसी देश म्यांमार और चीन से आने वाले डिब्बा बंद पेय जल सहित खाद्य पदार्थों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है।

3. आप नेहरु युवा केन्द्र, युवा मामले और खेल-कूद मंत्रालय, भारत सरकार तथा विशेष रूप से मणिपुर के ग़रीब, देहाती और ज़रूरत मंद लोगों में खेल-कूद, स्वास्थ्य की देख-भाल के बारे में ज़रूरी जानकारी करवाने तथा जाग्रति लाने के कार्य-कलापों से जुड़े विद्यार्थी-संगठनों और कई युवा-उन्मुख संगठनों से गहनता और नज़दीकी से सम्बद्ध रही हैं। आप महिला अधिकारिता और सशक्तीकरण तथा जन जातीय उत्थान से संबंधित कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से हिस्सा लेती रही हैं।

4. सन् 2013 में संस्कृति-संरक्षण केन्द्र, मणिपुर द्वारा प्रदान किए गए सराहनीय कार्यकर्ता और दाता पुरस्कार, जाति-मुक्त भारत बैठक के अवसर पर, सामाजिक कार्य के क्षेत्र में आपके उत्कृष्ट काम-काज के फलस्वरूप, दलित साहित्य अकादमी, असम राज्य शाखा द्वारा प्रदान किए गए डॉ. भीम राव अम्बेडकर पुरस्कार-2014; दलित साहित्य अकादमी, मणिपुर द्वारा सन् 2014 में प्रदान किए गए स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुरस्कार; और विभिन्न जातियों और समुदायों के लोगों की समानता क़ायम करने की दिशा में आपके द्वारा किए गए योगदान के फलस्वरूप, नेपाल-भारत दलित मैत्री संगठन द्वारा प्रदान किए गए डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार-2014 सहित आपको अनेक पुरस्कारों और सम्मानों से नवाज़ा गया है।